मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-417
27/08/2021

# मुख्यमंत्री के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोईनुलहक स्टेडियम के नवनिर्माण से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया

पटना, 27 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने मोईनुलहक स्टेडियम के नवनिर्माण से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी ने राजेंद्र नगर, पटना स्थित मोईनुलहक स्टेडियम के बैक ग्राउंड एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इनके नवनिर्माण से जुड़े आर्किटेक्ट ने अपने प्रस्तुतीकरण में पी0पी0आर0, नक्शा एवं प्राक्कलन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां वर्ल्ड क्लास इंटरनेशनल स्टेडियम बनाने को लेकर डिजाइन तैयार की गयी है, जिसमें क्रिकेट के साथ–साथ 10 अन्य खेलों के आयोजन की सुविधा होगी। वर्ल्ड क्लास ड्रेनेज सिस्टम होगा। बेहतर पार्किंग की व्यवस्था, रेस्टोरेंट एवं होटल के साथ–साथ अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था होगी।

प्रस्तुतीकरण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका डिजाइन बेहतर है। राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाया जा रहा है। अधिकारी, विशेषज्ञ वहां जाकर हो रहे निर्माण से संबंधित जानकारी लें और उसके आधार पर यहां भी निर्माण कार्य की योजना बनायें ताकि इसका निर्माण भी बेहतर हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री श्री आलोक रंजन, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि उपस्थित थे।

******